सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राज्यपाल ने 'ईद–उल–जुहा' (बकरीद) की बधाई दी।

राजभवन देहरादून 28 जून, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों को 'ईद–उल–जुहा'की बधाई दी है।

पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि 'ईद–उल–जुहा' का त्योहार आपसी सद्भाव की भावना से ओत–प्रोत है और हमें एक शांतिपूर्ण एवं समृद्ध समाज बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हम इस अवसर पर समाज में भाईचारे और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लें।राज्यपाल ने 'ईद–उल–जुहा' पर्व पर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना की है।

.......0.......